Precautions after Covid

NSS Dinesh 15 Dec, 2022

दिनांक 15 दिसंबर 2022 को राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई के सप्त दिवसीय विशेष शिविर का पांचवा दिन था। सुबह के सत्र में स्वयंसेवियों ने महाविद्यालय सराहां के प्रांगण व खेल मैदान की सफाई की। खेल मैदान के साथ लगे डंगों से घास हटाई तथा महाविद्यालय परिसर के अंदर लगी दीवार से भी घास और कचरे को साफ किया। महाविद्यालय के साथ लगे क्षेत्र से भी घास तथा झाड़ियों को साफ किया। कुछ स्वयंसेवियों ने सभागार में गृह परीक्षा के लिए कुर्सियों तथा मेज आदि की व्यवस्था की तथा कुछ कक्षाओ में लेक्चर स्टैंड की व्यवस्था की। दोपहर बाद के शैक्षणिक सत्र में डॉक्टर संदीप शर्मा, बी.एम.ओ. सराहां ने "Precautions after Covid" विषय पर अपना व्याख्यान दिया तथा आजकल सराहां क्षेत्र में फेल रही पीलिया बीमारी के लक्षण, कारण और रोकथाम के उपायों पर चर्चा की। तत्पश्चात स्वयंसेवियों ने विभिन्न सांस्कृतिक गतिविधियों का आनंद लिया।